दिनांक-10.3. 2022

**प्रेस विज्ञप्ति**

**रेलटेल वर्ष 2022 की "फॉर्च्यून इंडिया नेक्स्ट 500" सूची में 124वें स्थान पर आ गई है**

**रेलटेल ने अपने रैंक में सुधार किया- रेलटेल ने वर्ष 2021 की सूची में अपने पिछले रैंक की तुलना में 67 स्थान ऊपर छलांग लगाई**

**यह उपलब्धि रेलटेल के उन्नत और अच्छे निष्पादन की एक महत्वपूर्ण पहचान है**

**कंपनी 2008 से एक लाभ कमाने वाली संस्था रही है। कंपनी अपने ग्राहकों को बेहतर ढंग से सेवाएं देने के लिए लगातार अपग्रेड, विस्तार, विविधता और आधुनिकीकरण कर रही है: श्री पुनीत चावला, सीएमडी, रेलटेल**

******

रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (आरसीआईएल), रेल मंत्रालय के अधीन भारत सरकार की एक मिनी रत्न उपक्रम ने अपने उन्नत और बेहतर निष्पादन के रूप में भारत में सक्रिय शीर्ष मध्यम आकार की कंपनियों की हाल ही में घोषित "फॉर्च्यून इंडिया नेक्स्ट 500 की वर्ष 2022 की सूची" में एक उच्च रैंक पर छलांग लगाई है। । वर्ष 2021 की सूची में अपनी पिछली रैंक संख्या 197 की तुलना में 67 पदों का सुधार करके रेलटेल अब वर्ष 2022 की सूची में रैंक संख्या 124 पर है। रेलटेल एक विश्वसनीय आईसीटी सेवा प्रदाता है और देश में सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना सेवा प्रदाताओं में से एक है।

उल्लेखनीय है कि रेलटेल के अलावा केवल 5 और निजी दूरसंचार कंपनियां हैं जिन्हें सूची में शामिल किया गया है। रेलटेल के अलावा, इस सूची में शामिल एकमात्र रेलवे पीएसयू आईआरसीटीसी है जो 309 रैंक पर है। इसके अतिरिक्त, रेलटेल सहित भारत सरकार की कुल 10 कम्पनियाँ हैं जिन्हें फॉर्च्यून इंडिया 500 सूची 2022 में स्थान मिला है। रेलटेल एकमात्र भारत सरकार का 'दूरसंचार' सार्वजनिक उपक्रम है जो सूची में शामिल है

फॉर्च्यून इंडिया नेक्स्ट 500 नवीनतम बिक्री और सकल राजस्व आंकड़ों के आधार पर भारत में शीर्ष 500 कॉर्पोरेशन्स की रैंकिंग है। वर्तमान सूची वित्तीय वर्ष 2020-21 की वार्षिक लेखा परीक्षित कुल आय पर आधारित है। फॉर्च्यून इंडिया सूची एक प्रतिष्ठित रैंकिंग सूची है जिसे असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन करने वाली और देश के विकास में सकारात्मक योगदान देने वाली कंपनियों की एक अब्जेक्टिव सूची माना जाता है।

यह सूची अंग्रेजी की मासिक पत्रिका फॉर्च्यून इंडिया द्वारा प्रतिवर्ष प्रकाशित की जाती है, जो विश्व प्रसिद्ध "फॉर्च्यून" पत्रिका का भारतीय अंतर्राष्ट्रीय संस्करण है। "फॉर्च्यून" पत्रिका एक अमेरिकी बहुराष्ट्रीय व्यापार पत्रिका है जिसका मुख्यालय न्यूयॉर्क शहर में है। फॉर्च्यून पत्रिका टाइम इंकॉर्पोरेशन द्वारा प्रकाशित की जाती है, जो एक वैश्विक मीडिया संगठन है जो व्यापार और वित्तीय मीडिया में प्रमुख प्लेयर के रूप में कार्य करता है, तथा जो दुनिया के सबसे प्रभावशाली लीडर्स और निर्णय-कर्ताओं तक अपनी बेजोड़ पहुंच के लिए जाना जाता है। भारतीय संस्करण "फॉर्च्यून इंडिया" को टाइम इंकॉर्पोरेशन और भारत के एक बड़े मीडिया समूह एबीपी ग्रुप के बीच लाइसेंस समझौते के माध्यम से 2010 से प्रकाशित किया जा रहा है। इस पत्रिका के 5 अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्करण हैं, जिनके नाम फॉर्च्यून चीन, फॉर्च्यून तुर्की, फॉर्च्यून कोरिया, फॉर्च्यून इंडोनेशिया और फॉर्च्यून ग्रीस हैं।

रेलटेल लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है और पिछले कुछ वर्षों में इसके आकार में और राजस्व में वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान कंपनी का टर्नओवर रु. 1411 करोड़ है, तथा पिछले पांच वर्षों के दौरान 12% के रूप में चक्रवृद्धि वार्षिक विकास दर (CAGR) रही है। कंपनी की निवल संपत्ति में भी नियमित रुप से और लगातार से वृद्धि हुई है। कंपनी ने नियमित रुप से लाभ बनाए रखा है और लगातार लाभांश का भुगतान कर रही है। यह बाजार की निराशाजनक स्थिति के बावजूद लगातार लाभ कमाने वाली दूरसंचार पीएसयू कंपनियों में से एक है।

चालू वित्त वर्ष 21-22 के 9 महीनों में, रेलटेल ने कुल 1140 करोड़ रु. का राजस्व अर्जित किया है जो वित्त वर्ष 20-21 के 9 महीनों में 17.28% की वृद्धि है। वित्त वर्ष 22 के 9 महीनों के लिए कर पश्चात लाभ (PAT) वित्त वर्ष 21 के 9 महीनों की तुलना में 34.78 प्रतिशत बढ़ा। कंपनी ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए पेड-अप शेयर पूंजी (1.75/- रुपये प्रति शेयर) के 17.5 प्रतिशत की दर से अंतरिम लाभांश घोषित किया।

कंपनी पिछले कई वर्षों से विभिन्न श्रेणियों और क्षेत्रों में कई पुरस्कार प्राप्त कर रही है जो रेलटेल की दक्षता, सामर्थ्य, क्षमताओं और उपलब्धियों की पहचान हैं। रेलटेल को हाल ही में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई), एक प्रमुख लेखा निकाय द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं की श्रेणी में वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए आईसीएआई अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह उपलब्धि इस तथ्य को रेखांकित करती है कि रेलटेल वित्तीय विवरणों में सूचना की तैयारी और प्रस्तुति में सर्वोत्तम मानकों और लेखांकन प्रक्रियाओं को अनुरक्षित करते हुए स्पष्ट और पारदर्शी ढंग से प्रभावी उच्च गुणवत्ता वाली वित्तीय रिपोर्टिंग करती है।

रेलटेल की मुख्य ताकत 6095+ स्टेशनों को जोड़ने वाले 60000+ आरकेएम ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क की मजबूत रीढ़ है, जो रेलवे पटरियों के साथ विशेष अधिकार क्षेत्र पर निर्मित है। इसके साथ ही, रेलटेल के पास 21000+किलोमीटर से अधिक सिटी एक्सेस नेटवर्क, 1050 से अधिक टेलीकॉम टॉवर, 2 डेटा सेंटर, रेलक्लाउड और विशिष्ट सिक्युरिटी ऑपरेशन सेंटर भी हैं।

इसके बारे में बात करते हुए श्री पुनीत चावला, सीएमडी /रेलटेल ने कहा, "फॉर्च्यून इंडिया नेक्स्ट 500 लिस्ट ऑफ ईयर 2022" में रेलटेल की रैंकिंग में सारभूत सुधार के बारे में जानकर प्रसन्नता हो रही है। कंपनी 2008 से एक लाभ कमाने वाली इकाई रही है। कंपनी अपने ग्राहकों को बेहतर ढंग से सेवाएं देने के लिए कंपनी का निरंतर उन्नयन, विस्तार, विविधता और आधुनिकीकरण कर रही है। रेलटेल राष्ट्रीय डिजिटल परिवर्तन गतिविधि में सबसे आगे है। यह माननीय प्रधान मंत्री जी के विज़न कार्यक्रम डिजिटल इंडिया को पूरा करने में एक प्रमुख भूमिका निभा रहा है। रेलवे के अलावा, रेलटेल कोयला, बैंक, रक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे अन्य क्षेत्रों में भी कार्य कर रही है। हम अपने सभी हितधारकों को मजबूत वित्त और सेवाओं के कुशल वितरण को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछले साल रेलटेल को भारतीय शेयर बाजार में सूचीबद्ध किया गया था और तब से इसे शेयरधारकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और हम भविष्य में भी अपने निवेशकों को बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

**रेलटेल के बारे में:**

रेलटेल , रेल मंत्रालय के अंतर्गत एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास देश के विभिन्न कस्बों, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 60000 मार्गकिलोमीटर से अधिक के एक मजबूत विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलैक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के पैनलबद्ध टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क

के साथ , रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेज सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है और इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाओं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराती है। रेलटेल देश भर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने के लिए भारतीय रेलवे के साथ भी कार्य कर रही है और कुल 6095 से अधिक स्टेशन रेलटेल के रेलवॉयर वाई-फाई से सज्जित हैं।

**अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें**

सुचरिता@railtelindia.com